# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय
## लखनऊ-226007

पत्रांक ..................
दिनांक ..................

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,

समस्त सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय / महोदया,

सूच्य है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयुक्त महाविद्यालयों में केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के माध्यम से सत्र 2022–23 में प्रवेश कराये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। केन्द्रीयकृत प्रणाली योजनान्तर्गत विश्वविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही साथ सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व खीरी) में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश का कार्य सम्पादित करायेगा। अतएव लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवेश सहभागिता शुल्क जमा करके अपने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों का प्रवेश लखनऊ विश्वविद्यालय की केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से ले सकते है।

अतः सहयुक्त महाविद्यालय अपने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के माध्यम से कराना चाहते है, वे पाठ्यक्रमों के विवरण, सम्बन्धित सहभागिता शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा कर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन ई–मेल "lucentralizedadmissions2022@gmail.com" पर दिनांक 31.05.2022 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सामान्य एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के प्रवेश सहभागिता शुल्क का विवरण तथा प्रारूप संलग्न है।

भवदीय,

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या। R/351/22 दिनांक 31/03/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2–समस्त अधिष्ठाता, ल0वि0वि0।
3–अधिष्ठाता,छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
4–अधिष्ठाता, प्रवेश, ल0वि0वि0।
5–समन्वयक–प्रवेश, ल0वि0वि0।
6–इंचार्ज, नवीन परिसर, ल0वि0वि0।
7–समस्त निदेशक / समन्वयक, ल0वि0वि0।
8–कुलानुशासक, ल0वि0वि0।
9–इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एंव विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
10–अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।

कुलसचिव

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## केन्द्रीयकृत प्रवेश हेतु
## आवदेन का प्रारूप

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय का नाम | |
| महाविद्यालय का यू0डी0आर0सी0 कोड | |
| महाविद्यालय की श्रेणी (राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित) | |
| महाविद्यालय का पूर्ण पता (पिन कोड न0 सहित) | |
| प्राचार्य का नाम | |
| मोबाइल न0 | |
| ई–मेल | |
| महाविद्यालय के प्रतिनिधि का नाम (Name of Contact Person) | |
| मोबाइल न0 | |
| ई–मेल | |

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | विषय | पाठ्यक्रम की श्रेणी (सामान्य / प्रोफेशनल) | निर्धारित सीट संख्या | प्रवेश सहभागिता शुल्क की दर | कुल जमा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

हस्ताक्षर : प्रबन्धक / प्राचार्य

मुहर :

### केन्द्रीयकृत शुल्क हेतु
### निर्धारित शुल्क का विवरण

| | |
|---|---|
| प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के लिए–प्रति महाविद्यालय | रू0 1,00,000 /– + 18% जी0एस0टी0 (अधिकतम दो पाठ्यक्रमों के लिए), रू0 50,000 /– + 18% जी0एस0टी0 – दो से अधिक प्रति अतिरिक्त पाठ्यक्रम |
| सामान्य पाठ्यक्रम के लिए– प्रति महाविद्यालय | रू0 50,000 /– + 18% जी0एस0टी0 (अधिकतम दो पाठ्यक्रमों के लिए), रू0 25,000 /– + 18% जी0एस0टी0 – दो से अधिक प्रति अतिरिक्त पाठ्यक्रम |
| एकाउन्ट न0 एवं बैंक का नाम (आर.टी.जी.एस. द्वारा) | A/C No. 50100148826160<br>LU UG PG Admission 2019-20<br>IFSC Code – HDFC0003802<br>HDFC Bank, Vikrant Khand, Gomti Nagar, Lucknow. |
| आवेदन की अंतिम तिथि | 31 मई 2022 |

# UNIVERSITY OF LUCKNOW, LUCKNOW

## UG & PG Programms For Centralized Admission 2022-23

### UG Programs (General)

B.A.(NEP)
B.Com.(NEP)
B.Sc (Biology group) (NEP)
B.Sc. (Mathematics group )(NEP)

### UG Programs (Profession)

B.Com (Hons)
B.Voc.(Renewal Energy)
B.C.A.
BVA/BFA
B.T.M.C
LL.B (Integrated 5Year)
B.B.A.
B.A. (Yoga)
B.Sc (Yoga)
B.LI.Ed
B.Sc.(AG)

### PG Programs (General)

M.A.(Anthropology)
M.A.(AIH & Archaeology)
M.A.(Arab Culture)
M.A.(Arabic)
M.A.(Biostatistics)
M.A.(Public Administration)
M.A.(Defence Studies)
M.A.(Economics)
M.A.(Education)
M.A.(English)
M.A.(French)
M.A.(Geography)
M.A.(Hindi)
M.A.(Home Science)
M.A.(Jyotirvigyan)
M.A.(Linguistics)
M.A.(Mathematics)
M.A.(Modern Arabic)
M.A.(Persian)
M.A.(Philosophy)
M.A.(Political Science)
M.A.(Psychology)
M.A.(Sanskrit)
M.A.(Sociology)
M.A.(Statistics)
M.A.(Urdu)
M.A.(Womens' Studies)
M.A.(MIH/ Composite History /Western Histry)
Masters (Social Work)
M.Com.(Applied Economics)
M.Com.(Commerce)
M.Sc.(Satistics)
M.Sc.(Biochemistry )
M.Sc.(Botany /Plant Science/ Microbiology )
M.Sc.(Chemistry )
M.Sc.(Environmental Science)
M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Zoology)
M.Sc.(Physics)
M.Sc.(Mathematics)
M.Sc.(Anthropology)

### PG Programme (Professional)

B.Lib.I.Sc.
M.Lib.I.Sc.
LL.B
LL.M
M.Ed
B.P.Ed
M.P.Ed
M.Sc.(Computer Science)
M.Sc.(Pharmaceutical Chemistry)
M.Sc. (Renewal Energy)
M.Sc. (Applied Geology)
M.Sc. (Biostatistics)
M.Sc. Food Processing and Food Technology)
M.Sc.(Forensic Science)
M.Sc. (Biotechnology)
M.Sc (Mass Communication Science and Technology)
M.V.A/M.F.A
Masters( Population Studies)
Masters (Business Economics)
Masters( Public Health)
Masters( Hospital Administration)
Masters( Public Health Community Medicine)
M.A (Criminology & Criminal Justice Administration)
M.A.(Forensic Science)
M.A(Human Consciousness and Yogic Science)
M.A.(Journalism & Mass Comm.)
M.A.(Yoga)
M.Sc.(Yoga)
M.Sc. (molecular and Human Genetics )

**कुलसचिव कार्यालय**
**लखनऊ विश्वविद्यालय**
**लखनऊ–226007**

पत्रांक ..................
दिनांक ..................

लखनऊ विश्वविद्यालय केन्द्रीकृत प्रवेश प्रणाली 2022–23
(Lucknow University Centralized Admission System 2022-23)

लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़ने वाले समस्त छात्र विश्वविद्यालय द्वारा विकसित पाठ्यक्रमो, विश्वविद्यालय द्वारा सम्पादित की जा रही परीक्षा के साथ ही छात्र के सर्वांगीण विकास हेतु प्रारम्भ किये जा रहे समस्त आयामों के लाभार्थी है। छात्र एवं उसके विभिन्न सकारात्मक पक्षो के विश्वविद्यालय के साथ अधिकतम समायोजन के दृष्टिगत माननीय **कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय** जी के दूरगामी निर्णय एवं मार्गदर्शन मे लखनऊ विश्वविद्यालय ने वर्ष (सत्र 2020–21) की प्रवेश प्रक्रिया में **प्रवेश की केन्द्रीकृत प्रणाली** का प्रारम्भ किया। इस प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के साथ ही सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। प्रवेश फॉर्म भरने वाले प्रवेशार्थियों को अलग–अलग प्रवेश फॉर्म भरने का कार्य नही करना पड़ा तथा एक ही फॉर्म से विश्वविद्यालय के साथ कई महाविद्यालयो में प्रवेश लेने का अवसर प्राप्त हुआ। **प्रवेश की केन्द्रीयकृत प्रणाली के माध्यम से यह विचार और मजबूत हुआ की विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय, विश्वविद्यालय का ही विस्तार है।**

सत्र 2022–23 की लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया का आरम्भ हो रहा है। पिछले सत्र के समान विश्वविद्यालय के द्वारा इस सत्र मे भी **केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली** के तहत प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जायेगी। गत वर्ष 2021–22 की भाँति छात्र को काउन्सलिंग के समय महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम चुनने का विकल्प रहेगा। यदि किसी पाठ्यक्रम में सीटे केन्द्रीयकृत प्रणाली से नही भरती है तो महाविद्यालय को नियमानुसार सीधे प्रवेश लेकर सीटे भर लेने का अधिकार होगा। माननीय कुलपति महोदय के निर्देश पर गत वर्ष इस व्यवस्था को और **प्रभावी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण** बनाने के लिए एक **कोआर्डिनेशन टीम (coordination team)** का गठन किया जा चुका है, जिसमे विश्वविद्यालय की प्रवेश टीम के अतिरिक्त **महाविद्यालयों के प्रतिनिधि** भी शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय विश्वविद्यालय परिवार का ही एक अंग है, इस विचार के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय अपने सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों का इस **केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली** में स्वागत करता है।

कुलसचिव

# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय
### लखनऊ-226007

पत्रांक ..........................

दिनांक ..........................

## कार्यालय ज्ञाप

सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.04.2022 से लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया आनलाइन प्रारम्भ हो रही है। स्नातक पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत BA.(NEP), B.Sc.(Maths)(NEP), B.Sc(Biology)(NEP), B.Com (NEP), B.Com (Honrs),Shashtri, LL.B (Integrated 5 Years), BVA/BFA, B.A/B.Sc. (YOGA), BNYS(5Years Course), B.VOC(Renewable energy) एवं B.Sc. Agriculture, BJMC,B.El.Ed. (केवल महाविद्यालयों के लिए) तथा D. Pharm. के प्रवेश फार्म दिनांक 02 अप्रैल 2022 से आनलाइन जारी किये जा रहे है। आवेदन की अन्तिम तिथि 31 मई 2022 है।

स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत BBA, BBA (IB), BBA (MS) एवं BCA के प्रवेश फार्म दिनांक 02 अप्रैल 2022 से आनलाइन जारी किए जा रहे है। आवेदन फार्म की अन्तिम तिथि 31 मई 2022 है।

आवेदन की प्रक्रिया एव अन्य विस्तृत विवरण के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in के admission पेज पर UG Admission पर जाए।

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या R/[illegible] दिनांक [illegible]

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1—निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2—समस्त अधिष्ठाता, ल0वि0वि0।
3—अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
4—अधिष्ठाता, प्रवेश, ल0वि0वि0।
5—समन्वयक, प्रवेश, ल0वि0वि0।
6—समस्त निदेशक/समन्वयक, ल0वि0वि0।
7—कुलानुशासक, ल0वि0वि0।
8—इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0, को इस आशय से प्रेषित कि वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9—इंचार्ज, नवीन परिसर, ल0वि0वि0।
10—अधिष्ठाता महाविद्यालय, विकास परिषद, ल0वि0वि0।
11—प्राचार्य एवं प्राचार्या, समस्त सहयुक्त महाविद्यालय, (लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली), ल0वि0वि0।
12—वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0।

कुलसचिव